समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# आने वाली है लाड़ली बहना योजना की किस्त, ऐसे फटाफट चेक कर ले अंपना स्टेटस।

Publisher

Published on 13 May 2025



## लाडली बहना योजना लाभार्थी महिलाओं के मन मे संवाल है. आखिर कब उन्हे 24वीं किस्त भेजी जाएगी. जल्द जारी हो सकती है किस्त महिलाएं इस तरह चेक कर सकती है स्ंटेटस.

भारत सरकार देश के लोगों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाती है. सरकार की इन योजनाओं का लाभ देश के अलग-अलग लोगों को मिलता है. केंद्र सरकार के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों की राज्य सरकारें भी अपने-अपने राज्य के लोगों के लिए अलग-अलग तरह की योजनाएं चलाती हैं. इनमें से बहुत सी योजनाएं महिलाओं सशक्तिकरण के लिए समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए होती हैं.

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश की महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए लाडली बहना योजना चलाई जाती है. प्रदेश की करोड़ों महिलाओं को इस योजना का फायदा होता है. योजना में अब तक 23 किस्तें भेजी जा चुकी हैं. अब महिलाओं को 24वीं किस्त का इंतजार है. जो कि बहुत जल्दी जारी हो सकती है. किस तरह चेक कर सकती है महिलाएं अपनी किस्त का स्टेटस ? चलिए आपको बताते हैं.

इस दिन जारी हो सकती है किस्त
मध्य प्रदेश सरकार लाडली बहना के के तहत मध्य प्रदेश की कल 1.27 करोड़ महिलाओं को लाभान्वित किया जाता है. राज्य सरकार की ओर से हर महीने महिलाओं के खाते में 1250 रुपये भेजे जाते हैं. योजना में अब तक कुल 23 किस्तें भेजी जा चुकीं हैं. अब लाभार्थी महिलाओं के मन में सवाल है. आखिर कब उन्हें 24वीं किस्त भेजी जाएगी.

आपको बता दें मध्य प्रदेश सरकार की ओर से हर महीने की 10 तारीख तक किस्त के पैसे महिलाओं के खाते में भेज दिए जाते हैं. इस बार कयास लगाए जा रहे थे 11 मई यानी मदर्स डे के दिन किस्त भेजी जाएगी. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. अब खबर आ रही है कि 15 मई को मुख्यमंत्री मोहन यादव जारी करेंगे.

ऐसे चेक करें स्टेटस
लाडली बहना योजना में अपना स्टेटस चेक करने के लिए महिलाओं को पहले योजना की ऑफिशियल वेबसाइट https://cmladlibahna.mp.gov.in/ पर जाना होगा. इसके बाद वेबसाइट के होम पेज पर "आवेदन एवं भुगतान की स्थिति" वाले ऑप्शन पर क्लिक करना होगा. इसके बाद दूसरा पेज ओपन होगा उसमें आपका अपना रजिस्ट्रेशन नंबर या फिर सदस्य समग्र आईडी दर्ज करनी होगी.

इसके बाद कैप्चा कोड सबमिट करने के बाद आपके मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा. वह दर्ज करना होगा और वेरीफाई करना होगा. इसके बाद सर्च पर क्लिक करना होगा. क्लिक करते ही आपके सामने आपका पेमेंट का स्टेटस ओपन हो जाएगा . जिसमें आपको पता चल जाएगा आपको किस्त मिलेगी या नहीं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.